Certificate in Language Examination 2016
Hindi
Paper-I

Time : 3 Hours **Full Marks : 80**

Questions are of value as indicated in margin

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×4=4

(क) किन्हीं **चार** के संधि-विच्छेद कीजिए–

नयन, यद्यपि, निश्छल, चन्द्रोदय, भोजनालय, उन्नति।

अथवा

किन्हीं **चार** की संधि कीजिए–

पो+अन, अति+उत्तम, पम्+चम, उत्+हार, दुः+गंध, सरः+वर।

(ख) तत्पुरुष समास किसे कहते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

किन्हीं **चार** शब्दों का विग्रह करते हुए समास का नाम बताइए–
विद्यालय, दुपहर, दशानन, गाय-बैल, पीताम्बर, लेन-देन, कामचोर, चौराहा।

(ग) सन्धि और समास के अन्तर स्पष्ट कीजिए– 4

अथवा

प्रत्येक कारक के चिह्न सहित वाक्य में प्रयोग दर्शाइए।

(घ) किन्हीं **चार** वाक्यों को शुद्ध कीजिए– 1×4=4
(i) आपका दर्शन किया। (ii) लड़की पढ़ता है (iii) मैंने रोटी खाया। (iv) गाय और बकरी आए।
(v) रेलगाड़ी आ गया। (vi) पुस्तक नया है। (vii) मेरा नाम श्री प्रमोद कुमार है
(viii) आप कहाँ जाता है?

2. (क) किन्हीं **पाँच** मुहावरों-लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए— 2×5=10
(i) आँखें चार होना (ii) रंग जमाना (iii) गाल बजाना (iv) किताब का कीड़ा होना
(v) अंधों में काना राजा (vi) एक पंथ दो काज। (vii) चिराग तले अँधेरा।
(viii) ईंट से ईंट बजाना।

(ख) उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाइए— 6
नदी वन पर्वत आदि के यथातथ्य चित्रों की पृष्ठभूमि में हमारा निरीक्षण होना चाहिए वे मनुष्य जो वेगवती नदी की स्पष्ट रेखाएँ आँकता है अरण्यानी को चिर परिचित रूप में छन्दायित करता है वही उषा वरुण आदि के अतीन्द्रिय सौंदर्य का भावन करता है जीवन और सृष्टि के विषय में गूढ़ जिज्ञासाओं को वाणी देता है

3. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए – 16

(क) शान्तिनिकेतन के उत्सव (ख) अनुशासन (ग) विज्ञान : अभिशाप या वरदान

(घ) शिक्षा का अधिकार।

P.T.O.

4. (क) निम्नलिखित पद्यांश का सारांश लिखिए और अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+2+2+2=8

साँप! तुम सभ्य तो हुए नहीं
शहरों में रहना तुमने जाना नहीं
एक बात पूछूँ –
उत्तर दोगे?
फिर कहाँ से सीखा डँसना
विष कहाँ पाया?

(i) पंक्तियों में कौन सभ्य नहीं है?
(ii) किसे शहरों में रहना नहीं आता?
(iii) कवि के साँप से क्या प्रश्न हैं?

(ख) निम्नलिखित गद्यांश का सारांश लिखकर अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2+2+2+2=8

हिन्दी केवल कंठ का व्यायाम न होकर हृदय की प्रेरणा बन सके, तभी उसका संदेश सार्थक हो सकेगा। हम माता से जो क्षीर पाते हैं, वह उसके पार्थिव शरीर का रसमात्र न होकर आत्मा का दान भी होता है। इसी से वह हमारे शरीर का रसमात्र बनकर निःशेष नहीं हो जाता, वरन् आत्मा से मिलकर अनन्त स्वप्न-संकल्पों में फूलता-फलता रहता है।

(i) हिन्दी का संदेश कब सार्थक हो सकेगा?
(ii) एक माता की आत्मा का दान क्या है?
(iii) माता से प्राप्त क्षीर की परिणति क्या है?

5. निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 16

Pulses are important source of protein they provide ample quantity of vitamins and minerals. Pulses production 16.47 million tons in the 2015-16 crop year. India is the largest product of pulses. It is also the biggest consumer of pulses. But the production is less than the required quantity. Hence, the shortfall is made up by imports. 'Arhar' accounts for about 15 percent of the total pulses production.